फोन सहायता : 0522-4150500

# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

## सूचना

सेवा में,

समस्त प्राचार्यगण संस्कृत महाविद्यालय
सम्बद्ध सं0सं0वि0वि0, वाराणसी

विषय – **"महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान"** उज्जैन द्वारा वर्ष 2025/2026 में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन के पत्र संख्या 18–1/2025 (शै0)/मा0स0रा0वे0वि0प्र0/7077 दिनांक 25.02.2025 के पत्र के अनुसार वैदिक सेमिनार से सम्बद्ध कार्यक्रम का प्रस्ताव मांगा गया है, जिसकी अन्तिम तिथि 15 मार्च 2025 है। यथा रूचि प्रस्ताव बनाकर निर्दिष्ट स्थान Whatsapp तथा रजिस्टर्ड डाक से यथाशीघ्र भेजने का कष्ट करें। विशेष जानकारी के लिए www.msrvvp.ac.in के माध्यम से डाउनलोड कर देखने का कष्ट करे। मूलपत्र की छायाप्रति संलग्न है।

(प्रो0 हरिशंकर पाण्डेय) 10/3/25
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

छा0क0सं0 – 1199/2025 दिनांक – 10.03.2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित –

1– कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय को अवलोकनार्थ।
2– आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
3– विनयाधिकरी।
4– मुख्य प्रतिपालक।
5– संगणक केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र के साथ संलग्न मूलपत्र की छायाप्रति को सम्बद्ध महाविद्यालयों के कालेज लागिन पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
6– समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यगण को इस आशय से प्रेषित उपर्युक्त का संज्ञान लेते हुए प्रस्ताव यथास्थान यथाशीघ्र भेजने का कष्ट करें।
7– जनसम्पर्क अधिकारी ।
8– सम्बद्ध पत्रावली।
9– सूचना पट्ट।

(प्रो0 हरिशंकर पाण्डेय) 10/3/25
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मन्त्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)

Letter No. 18-1/2025(Academic)/MSRVVP/ Dated 31-12-2024

**Notification** 1598

**Subject : Inviting applications for holding various programmes in the year 2025-26-reg.**

The main objective of the Maharshi Sandipani Rashtriya Veda Vidya Pratishthan, Ujjain is to preserve, promote, propagate and disseminate the Shruti tradition of the Vedas. The Pratishthan carries out various programmes and activities to achieve the objectives enshrined in its Memorandum of Assosication. The following programmes under the various schemes of the Pratishthan are to be organized during the year 2025-26 :-

1. All India Vedic Conference
2. Regional Vedic Conference

   The in person presence of the Head of the organizing Institution will be mandatory during the entire duration of the All India Vedic Conference/Regional Vedic Conference and in the Veda Shobha Yatra. It is mandatory to engage the teachers of your Institution, teachers of nearby GSP Units and Veda Pathshalas, Vedic students and people of the society in the Veda Shobha Yatra. The Institution must compulsorily organize the Veda Shobha Yatra on the eve of the conference and/or on the first day of the conference itself.

   Only the Institutions which consent to this should apply for organizing All India Vedic Conference/Regional Vedic Conference; otherwise, the application will not be considered and taken into account.

3. All India Vedic Seminar
4. Veda Jnana Saptah Celebration
5. Vedic Classes for All
6. Veda Sandesh Yatra - Veda Sandesh Yatra by the financially aided Pathashala/ financially aided GSP Unit.
7. Veda Parayana - Veda Parayana by the Institution

- Only organizations having Unique ID in NGO-Darpan portal of NITI Aayog should apply.
- To organize Vedic Seminar applications may be submitted through Central/State University/Head of Department/Vice-Chancellor or Registrar.
- To organize other programmes application may be submitted through the Chairman, Secretary or other officials of the organization.

Application form for organizing various programs in the year 2025-26 under the above mentioned schemes may be downloaded from the website of the Pratishthan – www.msrvvp.ac.in and filled in applications may be sent to email – msrvvpproject@gmail.com and by hard copy to the Pratishthan via Speed Post by 20th February, 2025. It is mandatory for the organising body to provide information regarding amount to be spent by it on the Programmes. Institutions which have organised programmes once in the last three years will not be granted permission to organize the same programme again. Applications received after the last date will not be considered.

(Prof. Viroopaksha V. Jaddipal)
Secretary

Note :- Responsibility for making suitable arrangements for accommodation of the participants/scholars/guests will be the responsibility of the organizing body/institution at their own cost.

वेद विद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, Ujjain - 456006 (M.P.)
दूरभाष : (0734) 2502266, 2502254, 2502255email : msrvvpujn@gmail.com Website: www.msrvvp.ac.in

# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मन्त्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)

## Maharshi Sandipani RashtriyaVedavidya Pratishthan
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)


पत्र सं. 18-1/2025(शै.)/मसारावेविप्र/

दिनांक 31-12-2024

अधिसूचना 1598

विषय :- वर्ष 2025-26 में विविध कार्यक्रम आयोजन हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य वेदों की श्रुति परम्परा का संरक्षण, संवर्धन, प्रचार एवं प्रसार करना है। प्रतिष्ठान अपनी संस्थापना नियमावली में प्रतिष्ठापित उद्देश्यों की उपलब्धि के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और कार्यकलापों का संपादन करता है। प्रतिष्ठान द्वारा निम्नलिखित योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं :-

1. अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन
2. क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन

   अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन/क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन की संपूर्ण अवधि तथा वेद शोभा यात्रा में आयोजक संस्था के संस्था प्रमुख की व्यक्तिगतरूप से उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। वेद शोभा यात्रा में अपनी संस्था के अध्यापकगण, आस-पास की इकाइयों एवं वेद पाठशालाओं के अध्यापकों, वैदिक छात्रों तथा समाज के लोगों को भी सम्मिलित करना अनिवार्य है। संस्था द्वारा वेद शोभा यात्रा का आयोजन सम्मेलन के पूर्व संध्या अथवा प्रथम दिवस में ही अनिवार्य रूप से किया जाए।

   इस हेतु सहमत संस्था ही अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन/क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन के आयोजन हेतु आवेदन करें। अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. अखिल भारतीय वैदिक संगोष्ठी
4. वेद ज्ञान सप्ताह समारोह
5. सभी के लिए वैदिक कक्षाएँ
6. वेद संदेश यात्रा- अनुदानित वेद पाठशाला/अनुदानित इकाई द्वारा वेद संदेश यात्रा
7. वेद पारायण - संस्था द्वारा वेद पारायण
   - नीति आयोग से NGO-Darpan में Unique ID प्राप्त संस्थाएँ ही आवेदन करें।
   - वैदिक संगोष्ठी आयोजन के लिए केन्द्र/राज्य विश्वविद्यालय/विभागाध्यक्ष/कुलपति अथवा कुलसचिव के माध्यम से आवेदन-पत्र प्रस्तुत करें।
   - अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के लिए संस्था के अध्यक्ष, सचिव या अन्य पदाधिकारी के माध्यम से आवेदन-पत्र प्रस्तुत करें।

उपर्युक्त योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु आवेदन-पत्र प्रतिष्ठान की Website – www.msrvvp.ac.in के माध्यम से Download कर पूर्ण विवरण भरकर दिनांक 20 फरवरी, 2025 तक ईमेल- msrvvpproject@gmail.com पर तथा हार्ड कापी स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रतिष्ठान में प्रेषित करें। आयोजक संस्था द्वारा कार्यक्रम में व्यय किए जाने वाले बजट की जानकारी प्रदान किया जाना अनिवार्य है। जिन संस्थाओं द्वारा गत तीन वर्षों में एक बार जो कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं उन संस्थाओं को पुनः उसी कार्यक्रम आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान नहीं की जाएगी। अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

नोट :- प्रतिभागियों/विद्वानों/अतिथियों के आवास की उपयुक्त व्यवस्था कराने का उत्तरदायित्व आयोजक संस्थान का उनके स्वयं के व्यय पर होगा।

# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मन्त्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)

**Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan**
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)


पत्र सं. 18-1/2025(शै.)/मसारावेविप्र/

दिनांक 21-02-2025

## अधिसूचना– 1629

विषय :- वर्ष 2025-26 में विविध कार्यक्रम आयोजन हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाने की अंतिम तिथि बढ़ाने के सम्बन्ध में।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य वेदों की श्रुति परम्परा का संरक्षण, संवर्धन, प्रचार एवं प्रसार करना है। प्रतिष्ठान अपनी संस्थापना नियमावली में प्रतिष्ठापित उद्देश्यों की उपलब्धि के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और कार्यकलापों का संपादन करता है।

प्रतिष्ठान द्वारा जारी अधिसूचना क्र. 1598 दिनांक 31-12-2024 के अनुसार विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये थे जिसकी अंतिम तिथि 20 फरवरी, 2025 से बढ़ाकर 15 मार्च, 2025 की जाती है।

21.2.2025

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।


वेद विद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, Ujjain - 456006 (M.P.)
दूरभाष : (0734) 2502266, 2502254, 2502255email : msrvvpujn@gmail.com Website : www.msrvvp.ac.in